हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
बुधवार

PAGE NO 07, MIDDLE

# बरेली को मिली अंडर-19 क्रिकेट मैच की मेजबानी

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने पहली बार बरेली को बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट के अंतर्गत कूच बिहार ट्रॉफी का अंडर-19 मैच आवंटित किया है। एसआरएमएस स्टेडियम में 12 से 15 नवंबर तक उत्तर प्रदेश और नागालैंड के बीच यह मैच खेला जाएगा।

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन लंबे समय से बीसीसीआई अधिकृत मैच की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। स्टेडियम में सभी सुविधाएं न होने के कारण आज तक बोर्ड का कोई भी मैच नहीं मिला। एसआरएमएस को मैच देने से पूर्व बीसीसीआई और यूपीसीए के पदाधिकारियों ने सभी सुविधाओं का जायजा लिया। ग्राउंड के मानक पर खरा उतरने के बाद कूच बिहार ट्रॉफी का मैच कराने का फैसला किया गया है। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना और कोषाध्यक्ष शहजाद अली ने बताया कि इससे पहले बरेली में बीसीसीआई से अधिकृत कोई भी मैच आयोजित नहीं हुआ है। मैच आयोजन समिति के सचिव मनीष सिंह ने कहा कि एसआरएमएस ने इसके लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। हम एक शानदार मेजबान की तरह मेहमान टीमों का स्वागत करेंगे।